समाचार

07 जुलाई को वार्ड क्र. 06, 15, 18, 32, 47, 53, 59, 66 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 06 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 07 जुलाई बुधवार को वार्ड क्र. 06, 15, 18, 32, 47, 53, 59, 66 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 07 जुलाई बुधवार को वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती दुर्गा पण्डाल पुराना बस स्टैण्ड, वार्ड क्र. 15 ढोढ़ीपारा शापिंग सेंटर के पास, वार्ड क्र. 18 चेकपोस्ट बस्ती मंच के पास, वार्ड क्र. 32 डिंगापुर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 47 डबरीपारा ग्राम सभा भवन के पास, वार्ड क्र. 53 दर्रीखार क्रमांक–2 कोटवार घर के पास, वार्ड क्र. 59 खम्हरिया सामुदायिक भवन तथा वार्ड क्र. 66 बांकीमोंगरा नम्बर–2 पानी टंकी सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1358 शिविरों के माध्यम से 67702 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)